**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–24.04.2025 (संध्या–1900 बजे)**

## मुख्य समाचार

1. **झामुमो ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की, केंद्र से की सख्त से सख्त कार्रवाई की अपील।**
2. **पहलगाम आतंकी हमले को लेकर राज्य की पुलिस अलर्ट मोड पर, विभिन्न गतिविधियों पर रखी जा रही कड़ी नजर।**
3. **राज्य सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर लातेहार में तीन इनामी उग्रवादियों ने किया आत्मसमर्पण, बोकारो पुलिस ने अंतरराज्यीय चोर गिरोह का किया परदाफाश**
4. **राज्य में भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में किया गया बदलाव, सुबह सात से बारह बजे तक संचालित होंगी सभी कक्षाएं।**
5. **झारखंड की सरिता कुमारी ने भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर दिलाया सम्मान, हांगकांग ट्रैक साइकलिंग कप के टीम स्प्रिंट में जीता कांस्य पदक।**

********************

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर दुख व्यक्त किया और केंद्र सरकार से सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आतंकवादी कभी अपने नापाक मनसूबों में सफल नहीं होंगे और अमरनाथ यात्रा किसी भी हालत में नहीं रुकेगी। उन्होंने पुलवामा हमले की जांच की ओर भी इशारा करते हुए आतंकवादियों के साजिशकर्ताओं को बेनकाब करने की आवश्यकता जताई।

********************

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद हजारीबाग में सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि सभी थानों को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है और सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

********************

बोकारो के मोहम्मद नौशाद कासमी पर पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान का समर्थन करने के आरोप में आईटी एक्ट समेत कई गंभीर धाराएं लगाई गई हैं। झारखंड एटीएस की टीम ने उससे पूछताछ की है। नौशाद के पिता ने उसकी मानसिक स्थिति ठीक न होने की बात कही है। एसपी मनोज स्वर्गीयारी ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि कई एंगल से इसकी जांच की जा रही है।

********************

लातेहार जिले में जेजेएमपी के तीन इनामी उग्रवादियों ने राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर पुलिस और सीआरपीएफ के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वालों में तुलसी गंझू, पलेन्द्र भोक्ता और प्रमोद गंझू शामिल हैं, जो पूर्व में टीएसपीसी संगठन से भी जुड़े थे। ये उग्रवादी लवलेश गंझू और पप्पू लोहरा जैसे बड़े इनामी उग्रवादियों के साथ विभिन्न आपराधिक घटनाओं में सक्रिय रहे हैं।

********************

बोकारो पुलिस ने एक संगठित मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 6 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने बताया कि यह गिरोह झारखंड के साथ–साथ बिहार और यूपी में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

********************

प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स को लेकर दूरदर्शन केंद्र और आकाशवाणी रांची ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की। इस अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि वेव्स पर नए और पुराने कार्यक्रमों का समिश्रण मिलेगा और यह प्लेटफॉर्म वेरिफाइड और विश्वसनीय कंटेंट प्रदान करता है। साथ ही 1 से 4 मई तक मुंबई में आयोजित होने वाले ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट वेव्स की जानकारी भी साझा की गई।

********************

राज्य में गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा स्कूलों के समय सारणी में बदलाव किया गया है। राज्य में संचालित सभी सरकारी, गैर–सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों में वर्ग केजी से आठ की कक्षाएं सुबह सात बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक एवं वर्ग 9 से 12 तक की कक्षाएँ सुबह सात बजे से बारह बजे तक संचालित की जाएगी।

********************

लतेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड में इस वर्ष पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय की शुरूआत की जाएगी। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

********************

खूंटी जिले में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर फूदी पंचायत की मुखिया अनिमा कच्छप की अगुवाई में स्कूली बच्चों ने रैली निकाली और स्वच्छता के साथ शौचमुक्त गांव का संकल्प लिया। बाल पंचायत में बच्चों ने स्कूल की सुविधाओं और कमियों पर चर्चा की, जिसमें पंखे की कमी और टूटी डेस्क–बेंच की समस्या सामने आई।

********************

## संक्षिप्त

- देवघर जिला पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक में उपायुक्त विशाल सागर ने पर्यटन स्थलों के विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने दुर्गा धाम मानिकपुर और बैजु धाम बाघमारा में विश्राम गृह, लाइट, शेड और सौंदर्यीकरण कार्यों की स्वीकृति देते हुए विभागीय अनुशंसा पर आवश्यक निर्देश दिए।
- रामगढ़ जिले में आधारभूत संरचना, एफआरए, भू–अर्जन और विभिन्न परियोजनाओं को लेकर उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने भारतमाला, एनएच–33 और रेलवे परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुआवजा भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया।
- सरायकेला खरसावां में इस वर्ष रथ यात्रा को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। इसे लेकर बिजली विभाग की टीम और जगन्नाथ सेवा समिति के सनद और अन्य सदस्यों ने नगर क्षेत्र का निरीक्षण किया।

********************

झारखंड में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, जहां राजधानी रांची में तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के दक्षिणी जिलों में हीटवेव और 26 अप्रैल को 9 जिलों के लिए लू और तेज आंधी का यलो अलर्ट जारी किया है।

********************

## और अब कुछ खेल समाचार

- झारखंड की सरिता कुमारी और उनकी टीम ने हांगकांग में आयोजित ट्रैक साइकलिंग कप के महिला एलिट टीम स्प्रिंट में कांस्य पदक जीता है। लोहरदगा निवासी सरिता ने क्रिस्टीना और मयुरी के साथ मिलकर यह उपलब्धि हासिल की। यह प्रतियोगिता 19 से 21 अप्रैल तक वेलोड्रम स्टेडियम में यूसीआई कैटेगरी वन बाई टू स्तर पर आयोजित हुई थी। पदक जीतने पर साइकलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया और झारखंड साइकलिंग संघ समेत खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी।
- झारखंड पुलिस के महानिदेशक ने ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन और टेबल टेनिस कलस्टर में कांस्य पदक विजेताओं को सम्मानित किया। यह प्रतियोगिता 11 से 15 अप्रैल तक कोच्ची में आयोजित हुई थी, जिसमें 43 टीमों ने भाग लिया। झारखंड पुलिस की टीम ने टेबल टेनिस में कुल 5 कांस्य पदक हासिल किए।

********************